आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

विधानसभा

बीते 10 मार्च को शिमला में शुरू हुए प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज आखिरी दिन है। आज के समेत बजट सत्र में 15 बैठकें होंगी। होली के चलते एक बैठक स्थगित कर दी गई थी। आज प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री प्रतिवेदनों की प्रति सभा पटल पर रखेंगे। इस के उपरांत कांगड़ा के विधायक पवन काजल नियम 62 के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान विभिन्न विधेयकों पर विचार विमर्श एवं उनका पारण किया जाएगा।

अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वालों को भारत में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। कल लोकसभा में उन्होंने कहा कि भारत में अशांति फैलाने के लिए रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अमित शाह ने कहा कि देश में कोई भी अपनी मर्जी से नहीं रह सकता है, और राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए जो भी खतरा पाया जाएगा उसको प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ये देश धर्मशाला नहीं है और देश के अंदर केवल उनका स्वागत है जो देश को विकसित करने, व्यापार करने, शिक्षा और आर. एन. डी. के लिए आते हैं। गृह मंत्री का कहना है कि देश की सुरक्षा खतरे में डालने की कोशिश करने वालों पर कड़ी नजर रहेगी और निगरानी भी होगी।

आरएसबाली

जिला कांगड़ा के राज्य स्तरीय लिदबड़ मेले के उपलक्ष्य पर कल पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली की अगुवाई में ठारू से नगरोटा बस स्टैंड तक चामुंडा देवी, ब्रजेश्वरी माता तथा नारदा–शारदा मंदिर की ज्योतियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं। इस अवसर पर बाली ने कहा कि मेले हमारी पुरातन संस्कृति के संवाहक रहे हैं और लिदबड़ मेले के ऐतिहासिक स्वरूप को संरक्षित करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले में स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर अवसर दिया गया है।

तबादला

प्रदेश सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर 4 आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण किए हैं। इनमें 3 एडीजी और एक डीआईजी शामिल हैं। सिविल सेवा बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर अजय कुमार यादव को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध के साथ ही विधि मामलों और दोषसिद्धि से जुड़े मामलों की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। वे विशेष कार्य बल के कार्यों को भी देखेंगे। ज्ञानेश्वर सिंह को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सीआईडी जबकि जय प्रकाश सिंह को अतिरिक्त पुलिस

महानिदेशक सशस्त्र पुलिस और प्रशिक्षण कार्य का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं अंजुम आरा को उप पुलिस महानिरीक्षक दक्षिणी रेंज शिमला के पद पर नियुक्ति दी गई है।

खनन

जिला चंबा में अवैद्य खनन के खिलाफ पुलिस व खनन विभाग लगातार कड़ी कारवाई कर रहे हैं। इसी कड़ी में वर्ष 2024 के दौरान अवैद्य खनन से जुड़े मामलों में 8 सौ 60 चालान कर 30 लाख रूपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बातया कि जिले में अवैद्य खनन के खिलाफ कारवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैद्य खनन न केवल पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है बल्कि कानूनी दृष्टि से भी दंडनीय अपराध है।

दृष्टिहीन संघ

बैकलॉग कोटे की भर्तियां करने की मांग को लेकर दृष्टि बाधित संघ ने कल सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया। हिमाचल दृष्टिबाधित संघ के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस ने धक्का मुक्की में उनके दो साथियों को सड़क से नीचे फैंक दिया। जिसमें उनके एक साथी की टांग टूटी है और आईजीएमसी में उसका उपचार चल रहा है। एक महिला भी चोटिल हुई हैं। उन्होंने कहा है कि अगर सरकार बातचीत से उनकी मांगो का हल नहीं निकालती है तो दृष्टिबाधित आज और उग्र रूप से चक्का जाम करेंगे।

———————————————————————————